ISSN : 2582-6360

# विश्व दीप दिव्य संदेश

## मासिक शोध पत्रिका

वर्ष 26 | अंक 10 विक्रम संवत् 2077-78 अक्टूबर 2022 | पृष्ठ 34

संरक्षक : विश्वगुरु महामण्डलेश्वर परमहंस श्री स्वामी महेश्वरानन्दपुरीजी




प्रकाशक

**विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान**

(राजस्थान संस्कृत अकादमी एवं
जगद्गुरुरामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय से सम्बद्ध)

कीर्ति नगर, श्याम नगर, सोढाला, जयपुर

Narayan

ISSN : 2582-6360

# विश्व दीप दिव्य संदेश

मासिक शोध पत्रिका

वर्ष 26 | अंक 10 विक्रम संवत् 2077-78 अक्टूबर 2022 | पृष्ठ 34

परामर्शदाता
देवर्षि कलानाथ शास्त्री
प्रो. बनवारीलाल गौड़
डॉ. नारायणशास्त्री काङ्कर
प्रो. कैलाश चतुर्वेदी
डॉ. शीला डागा
प्रो. (डॉ.) गणेशीलाल सुथार

प्रधान सम्पादक
श्री सोहन लाल गर्ग
श्री एम.एल. गर्ग

सम्पादक
डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा

सह-सम्पादक
डॉ. रामदेव साहू
डॉ. रघुवीर प्रसाद शर्मा
तिबोर कोकेनी
श्रीमती अन्या वुकादिन

परामर्श संपादक
कपिल अग्रवाल
मारियो ब्रूमेट

- प्रमुख संरक्षक -
परम महासिद्ध अवतार श्री अलखपुरी जी
परम योगेश्वर स्वामी श्री देवपुरी जी

- प्रेरणास्त्रोत -
भगवान् श्री दीपनारायण महाप्रभुजी

- संस्थापक -
परमहंस स्वामी श्री माधवानन्द जी

- संरक्षक -
विश्वगुरु महामण्डलेश्वर परमहंस
श्री स्वामी महेश्वरानन्दपुरीजी

- प्रबन्ध सम्पादक -
महामण्डलेश्वर स्वामी ज्ञानेश्वर पुरी

प्रकाशक

विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान

(राजस्थान संस्कृत अकादमी एवं जगद्गुरुरामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय से सम्बद्ध)

कीर्ति नगर, श्याम नगर, सोढाला, जयपुर

**Website :** vgda.in | **Youtube :** www.youtube.com/c/vishwagurudeepashram | **E-mail :** jaipur@yogaindailylife.org

Sponsored by : **DEVESHWAR DEEP IMPEX PVT. LTD.**, JAIPUR

# अनुक्रमणिका


| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | सम्पादकीय | डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा | 3 |
| 2. | YOGA SUTRAS OF PATANJALI | Swami Maheshwaranandapuri | 4 |
| 3. | महर्षि सुश्रुत के गुरु दिवोदास धन्वन्तरि | प्रो. वैद्य बनवारी लाल गौड<br>डॉ. विश्वावसु गौड | 9 |
| 4. | योगसिद्धान्तचन्द्रिका में अवतारवाद की अवधारणा | शोधच्छात्रा- योगिन्द्रा देवी | 15 |
| 5. | आयुर्वेद का एक संग्रहग्रन्थ ‘प्रतापसागर’ | गोपीनाथ पारीक ‘गोपेश’ | 20 |
| 6. | मोक्ष मार्ग का सोपान : तप | डॉ. सरोच कोचर | 26 |
| 7. | राष्ट्रोपनिषत् | डॉ. नारायणशास्त्री काङ्कर | 31 |


विश्वदीप दिव्य संदेश पत्रिका का वार्षिक सदस्यता शुल्क **800/- रूपये**

**खाता संख्या : 5013053111**
**IFS Code : KKBK0003541**

मुद्रण : **कन्ट्रोल पी**, जयपुर - मो. : 9549666600

# सम्पादकीय

विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित मासिक शोधपत्रिका का वर्ष 2022 का दशम अंक आपके करकमलों में अर्पित करते हुए अत्यधिक हर्ष का अनुभव हो रहा है। भारतीय धर्म-संस्कृति के शोधलेखों का यह संग्रह विद्वानों द्वारा सराहा जा रहा है। विद्वानों द्वारा नियमित भेजे जा रहे शोधलेख हमारा मनोबल बढ़ा रहे हैं व पत्रिका के महत्त्व को भी आलोकित कर रहे हैं। पूर्व अंकों में सभी उच्चस्तरीय विद्वानों के लेख प्रकाशित हुए हैं।

इसमें सर्वप्रथम महामण्डलेश्वर स्वामी महेश्वरानन्दपुरीजी द्वारा लिखित YOGA SUTRAS OF PATANJALI शोध लेख में पातंजलयोगसूत्र के प्रतिपाद्य की आधुनिक सन्दर्भ में उपयोगिता दर्शायी गयी है। तत्पश्चात् प्रो. वैद्य बनवारी लाल गौड़ एवं डॉ. विश्वावसु गौड लिखित 'महर्षि सुश्रुत के गुरु दिवोदास धन्वन्तरि' लेख में आयुर्वेद के प्रवर्तक धन्वन्तरि के विषय में प्रचलित विविध मतों का विश्लेषण करते हुये देवदास धन्वन्तरि के ऐतिहासिक व्यक्तित्व को प्रामाणिक रूप में प्रस्तुत किया गया है। शोधच्छात्रा योगिन्द्रा देवी द्वारा लिखित 'योगसिद्धान्तचन्द्रिका में अवतारवाद की अवधारणा' शीर्षक शोधलेख में ईश्वर के अवतारों के विषय में योगशास्त्र सम्मत चिन्तन की प्रस्तुति की गयी है। इसी क्रम में गोपीनाथ पारीक 'गोपेश' द्वारा लिखित 'आयुर्वेद का एक संग्रहग्रन्थ 'प्रतापसागर'' शोधलेख में प्रतापसागर ग्रन्थ के प्रतिपाद्य को विस्तार से प्रस्तुत किया गया है। डॉ. सरोच कोचर द्वारा लिखित 'मोक्ष मार्ग का सोपान : तप' शोध लेख में मनुष्य की उन्नति के लिये तप एवं साधना की प्रक्रिया को जैनमतानुसार प्रस्तुत किया गया है। अन्त में डॉ. नारायणशास्त्री काङ्कर के 'राष्ट्रोपनिषत्' के कतिपय पद्य प्रकाशित किये गये हैं, जो गुरुशिष्यपरम्परा के गौरव को प्रदर्शित करने के साथ साथ आत्मचिन्तन की प्रेरणा प्रदान करने वाले हैं।

आशा है, सुधी पाठक इन्हें रुचिपूर्वक हृदयंगम करने में अपना उत्साह पूर्ववत् बनाये रखेंगे।

शुभकामनाओं सहित....

**-डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा**

# YOGA SUTRAS OF PATANJALI

## A Guide to Self-knowledge

**Mahamandleshwar Paramhans**
**Swami Maheshwaranandapuri**

**13. tatrasthitauyatno`bhyāsaḥ**

*tatra – those (of both)*

*sthitau – standstill*

*yatna – Attempt, effort*

*abhyāsa – Practice*

Exercise is the constant effort, to bring the vrittis to a standstill.

Abhyāsa means constant and continuous practice. The mind isrestless by nature. Focusing the mind on one point and repeating this again and again is "practice" or abhyāsa.

The cause of our earthly life and suffering lies in our deeds or KARMAS. There are two types of karmas: first, our actions, and second, our vrittis, thoughts and feelings, which are expressed in desires, wishes, affection or aversion.

Vrittis are the cause of our actions and they force or tempt us into ever new actions and reactions, and these in turn create newkarma. As long as we are not freed from vrittis and thus from karmas, we will be reborn again and get involved in more difficulties.

Various systems are described in the scriptures, on how to control the mind and free ourselves from the ever-changing vrittis. These techniques guide us to God, and therefore we

should also respect them as sacred. Eachcan choose the method that suits them best and that is for them easy accessible. Mantra, kriyās and meditation are practices that we should hold in high esteem.

We can attain perfect liberation (moksha) only through samādhi. Whether we achieve samādhi, however, depends not on our will, but on our deeds. Karmas have a very strong binding power. There is not only the physical body (annamaya kosha), but four other bodies or shells that enclose and cover our true self.

These bodies are: the astral or energy body(prānamaya kosha), the body of the mind (manomaya kosha), the body of the intellect (vigyānamaya kosha), and the causal body (ānandamaya kosha), the final shell or barrier to overcome in order to attain liberation.

The best and most effective technique for attaining mokshais mantra-japa, continuous repetition of the guru-mantra. Due to the high vibrational energy of the mantra, the consciousness is guided through all levels and sheaths (koshas) upto the goal, whether the practitioner is aware of this process or not.

Through mantra-japa, vairāgya and abhyāsa we can purify the thoughts and nurture and strengthen those thoughts within us, that liberate us. This purification of the inner mirror should be our daily practice, so that our mind and consciousness remain clear and the dust of the māyā does not settle on it again.

How can we intensify abhyāsa?

**14. satudīrgha-kāla-nairantarya-satkārā-sevitodṛḍhabhūmiḥ**

*sa – these*

*tu – however, but*

*dīrgha-kāla – a long time*

*nairantarya – continuously, without interruption*

*satkāra – Respect, reverence*

*sevita – practiced, used*

*dṛḍha-bhūmi – achieved state, solid base*

Doing this exercise continuously for a long timeand with dedication leads to the goal.

Abhyāsa will only be successful if we do oursādhana daily and do not become sloppy. Make a firm resolution and do not let any doubt arise in your mind about success. It is important not to interrupt the practice, but to continue it continuously and systematically. Do not slacken your efforts, never give up and practice lifelong!

Another important point is to have respect and reverence for the exercises  and not to do them thoughtlessly and routinely. Abhyāsa should become our livelihood. We should never disregard it, criticize it, or doubt it.

Regular practice, performed with love, reverence and devotion, according to the instructions of the master, leads the practitioner to the goal.

In the Bhagavad Gītā (chapter 6, verse 35), God Krishna says to Arjuna, "O son of Kuntīs, no doubt it is difficult, to restrain the restless mind, but by abhyāsa and vairagya it is possible to tame it."

Our inner firmness should be so strong that, no matter what happens, we do not allow ourselves to be pulled away from our practices and be distracted. Often aspirants lose their way because they slacken in their determination and aspiration.

If a hungry person discovers a sweet fruit at the top of the highest tree the highest treetop, he will climb the tree in spite of his hardships and not give up until he reaches the fruit. In the same way the aspirant who is determined to experience God, will not be diverted from his path.

To build a house, you need a strong, stable foundation is necessary. The foundation for our spiritual path is strong faith and firm trust to reach the goal with the help of the master.

My Grandmaster SrīMahāprabhujī said in his "Golden Teachings," "Do your work with firm determination, and success is sure."

About SrīMahāprabhujī, see in chap."Sri Alakhpurijī Siddha Peeth Parampara" as well

as in his biography "Lila Amrit -The Divine Life of SrīMahaprabhujī"

Now follow the characteristics of vairāgya:

**15. dṛṣṭa-anuśravika-viṣaya-vitṛṣṇasyavaśīkāra-sañjñāvairāgyam**

*dṛṣṭa – seen*

*anuśravika – heareed*

*viṣaya – Sensoryobject*

*vitṛṣṇasya – free fromdesires, withoutcraving*

*vaśīkāra-sañjñā –master perfectly, controlconsciously*

*vairāgya – Nonattachment, renunciation*

To completely master the desire for the sense objects and to be free from desires for them, is non-attachment.

Vrittis arise from two sources: on the one hand from external impressions transmitted by the sense organs, on the other hand from internal stirrings that the mind transports to consciousness.

If the consciousness frees itself from both causes, then it is released from the influence of the vrittis. The resulting desireless and contented state of consciousness is a characteristic of genuine vairāgya and is called vashikarana.

Vashikarana arises from fixation of the mind on a single object. Just as a cobra, attracted by the flute of thesnake charmer, hears and sees nothing but the snake charmer, so the undivided attention and concentration of a spiritual aspirant should be on the divine Self.The disciple should be so irresistibly drawn to the supreme Self that nothing can distract his mind. Whatever he experiences, readsor hears intensifies his spiritual aspiration.

There are two types of vairāgya: APARA – imperfect, and PARA - perfect - VAIRĀGYA.

APARA VAIRĀGYA is that kind of world weariness that everyone felt who once participated in a funeral. This kind of renunciation is therefore also called "graveyard"-vairāgya. In the graveyard, we all become aware of the transience of worldly values, and for a while, we awaken to the reality of the soul and the existence of God.

But this state usually ends again at the cemetery gate, and we continue our lives unchanged.

Thus, many aspirants have a temporary feeling of renunciation, which however, is soon replaced by new worldly desires and goals.

PARA VAIRĀGYA (perfect vairāgya), on the other hand, changes our existence permanently and accompanies us throughout our lives. With the attention directed undeterred on the spiritual goal, the yogi lives in the world like a lotus blossom in the water- his inner self is in constant, uninterrupted connection with the highest Self, and thus, even in the midst of daily pursuits, he remains wholly unaffected by the seductions of the world (māyā). We possess true vairāgya when we are attracted to God so strongly that nothing can distract our mind. Whatever we experience, see, read or hear only intensifies our vairāgya and spiritual aspiration.

In today's world, it may be difficult to follow this instruction of Patanjali. However, it is possible to organize your life in such a way as to make room for your spiritual goals. Try a simple experiment: write down the activities you perform during the day. You will quickly find outhow much time you waste on unnecessary things and thoughts. We especially waste a lot of time on gossip, idle talk, and unnecessary brooding. It is also worthwhile to think which things we really need and which we could do without. By separating the important from the from the unimportant, we can save a lot of time and money and use them for spiritual practices.

# महर्षि सुश्रुत के गुरु दिवोदास धन्वन्तरि

**(म.म. राष्ट्रपति-सम्मानित) प्रो. वैद्य बनवारी लाल गौड़**
पूर्व कुलपति,
डॉ. एस. आर. राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर

**डॉ. विश्वावसु गौड**
असिस्टेंट प्रोफेसर,
महात्मा ज्योतिबा फुले आयुर्वेद महाविद्यालय,
हाड़ोता, चोमू, जयपुर (राजस्थान)

वर्तमान काल में उपलब्ध संहिताओं में आयुर्वेद को शाश्वत एवं अनादि माना गया है। इसके अनेक तर्क भी दिए गए हैं, लेकिन उन तर्कों को यहाँ उल्लिखित करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि स्वास्थ्यसंरक्षण और विकार का प्रशमन एक स्वतःसम्भूत प्रक्रिया है, जिसे कभी उत्पन्न नहीं किया जाता अपितु ज्ञात किया जाता है। इसलिए आयुर्वेद के उपदेश का जहाँ भी प्रारम्भिक निर्देश है वहाँ यह स्पष्ट कहा गया है, कि ब्रह्मा ने आयुर्वेद का स्मरण करके प्रजापति को प्रदान किया, प्रजापति ने यह आयुर्वेद-सम्बन्धी ज्ञान अश्विनीकुमारों को दिया, जिन्होंने इन्द्र को सम्पूर्ण रूप से यह ज्ञान उपदिष्ट कर दिया, लेकिन इसके बाद उपलब्ध होने वाले वर्णन में कुछ भिन्नता है तथा मतभेद भी है, जिसमें धन्वन्तरि-संप्रदाय के लोग इन्द्र से यह ज्ञान धन्वन्तरि को प्रदान करना मानते हैं, जबकि आत्रेय-संप्रदाय के लोग इस ज्ञान को इन्द्र से भरद्वाज तथा भरद्वाज से आत्रेयादि सम्पूर्ण महर्षियों को उपदिष्ट किया गया मानते हैं।

इस विषय में तर्क-वितर्क करने से कोई लाभ नहीं है, लेकिन इतना कहा जा सकता है कि इन्द्र ने भरद्वाज और धन्वन्तरि को आयुर्वेद का उपदेश दिया यह स्पष्ट है, लेकिन इन दोनों को पृथक्-पृथक् रूप से आयुर्वेद का ज्ञान दिया या एक साथ दिया, यह स्पष्ट नहीं है। इसमें यह मानना अधिक उपयुक्त है कि इन्द्र से उपदेश के माध्यम से आयुर्वेद का ज्ञान प्राप्त करने वाले महर्षि भरद्वाज ने आत्रेय इत्यादि महर्षियों को यह ज्ञान उपदेश के माध्यम से यथावत् संक्रान्त कर दिया। वे सभी कायचिकित्साप्रधान ग्रंथों के निर्माता एवं तदनुरूप प्रमुख रूप से कायचिकित्सा करने वाले आयुर्वेदज्ञ ही थे, जबकि स्वयं धन्वन्तरि एवं उनसे ज्ञान प्राप्त करने वाले सभी महर्षि एवं आयुर्वेदज्ञ शल्यप्रधान शास्त्रों के ज्ञाता, प्रयोक्ता एवं उपदेष्टा थे।

यह पृथक्शः विवेचनीय है, कि अष्टाङ्ग का उपदेश करने वाले इन दोनों संप्रदायों ने एक-एक अङ्ग का ही उपदेश एवं प्रचार प्रसार किया है, जिसके अनुसार आत्रेय-संप्रदाय ने 8 अङ्गों का विवेचन किया है, लेकिन उस में भी कायचिकित्सा का विवेचन प्रमुख रूप से किया है, जबकि अन्य सात अङ्गों का विवेचन अत्यल्प किया है। इसी तरह से धन्वन्तरि-संप्रदाय के विशेषज्ञों ने आठों अङ्गों का विवेचन करते हुए भी केवल शल्यशास्त्रसम्बन्धी अङ्ग का ही विशेष रूप से विवेचन किया है, अन्य सात अङ्गों का विवेचन वहाँ भी संक्षिप्त रूप में ही है।

यहाँ विवेचननीय विषय भगवान् धन्वन्तरि हैं, अतः संक्षेप में भगवान् धन्वन्तरि का विवेचन प्रस्तुत किया जा रहा है-

आयुर्वेद के इतिहास के विशेषज्ञों ने चार धन्वन्तरियों का अस्तित्व स्वीकृत किया है। संभव है कि इससे भी अधिक धन्वन्तरि भारतीय इतिहास में रहे हों, ये चारों आयुर्वेद से सम्बद्ध माने गए हैं, जिनमें समुद्र से आविर्भूत भगवान् धन्वन्तरि एवं सुश्रुत इत्यादि शिष्यों को आयुर्वेद का उपदेश देने वाले भगवान् दिवोदास धन्वन्तरि इन २ को ही आयुर्वेद में भगवत् स्वरूप में स्वीकृत किया जाता है, अवशिष्ट में से एक मन्त्रसमुद्भूत धन्वन्तरि एवं एक विषवैद्य धन्वन्तरि भी आयुर्वेद से सम्बद्ध रहे हैं, लेकिन उनका चिकित्सकीय स्वरूप तो स्वीकार किया जाता है, पर भगवत् स्वरूप में उनको नहीं माना जाता।

भारतवर्ष में अनेक पौराणिक गाथाएँ प्रसिद्ध हैं, इनमें देवासुरसङ्ग्राम से संबंधित गाथाएँ अत्यधिक प्रसिद्ध हैं। देवताओं एवं असुरों में अनेक छोटे बड़े युद्ध हुए हैं , वे भी संक्षेप में या विस्तार से विभिन्न पुराणों में उल्लिखित हैं। वेदमर्मज्ञ विद्वान् पंडित मधुसूदन ओझा ने उनमें से १२ प्रसिद्ध युद्धों का नामतः उल्लेख किया है, जो मूलतः वेदों में उल्लिखित हैं, यथा- आडीबक, कोलाहल, हालाहल एवं जलधिमन्थन ( समुद्रमन्थन) ये चार और भी अधिक भयङ्कर युद्ध थे। इनके अतिरिक्त अन्य आठ भी बड़े युद्ध थे, जिन्हें महासङ्ग्राम कहा गया है। ये हैं-

त्रैपुर, मान्धक, तारकासुरसंग्राम, वृत्रासुरसंग्राम, ध्वजयुद्ध, बलिबन्ध, हिरण्याक्ष के साथ महासङ्ग्राम एवं भगवान् नरसिंहावतार के साथ हिरण्यकशिपु का महासङ्ग्राम ।

इन युद्धों का ओझा जी ने संक्षेप में वर्णन भी किया है । समुद्रमन्थन नाम के युद्ध को उन्होंने अमृतमन्थन एवं जलधिमन्थन भी कहा है, जिसमें उनका कहना है कि इन्द्र ने प्रह्लाद को अमृतमन्थन के समय पुनः जीत लिया और प्रह्लाद का पुत्र विरोचन तारकासुर सङ्ग्राम के समय इन्द्र के द्वारा मार दिया गया। इसके अतिरिक्त उन्होंने कोई विशिष्ट वर्णन नहीं किया, लेकिन इसी वर्णन के क्रम में हिरण्यकशिपु के वंश का वर्णन करते हुए कहा है कि हिरण्यकशिपु का मूलस्थान आज का मुल्तान देश है । ऐसा माना जाता है कि इसके ४ वंशजों तक इसके राज्य की स्थिति बनी रही थी । सर्वप्रथम हिरण्यकशिपु फिर प्रह्लाद उसके बाद प्रह्लाद का पुत्र विरोचन और विरोचन के पुत्र बलिनामक दैत्य ने यहाँ राज्य किया। बलि के समय में यह नगर देवताओं के द्वारा नष्ट कर दिया गया। यथा-

**मूलस्थानं नगरम् हिरण्यकशिपोस्तदद्य मुलतानम् ।**
**ब्रूते तत्र हि चतुरः पुरुषान् व्याप्यास्थितं राज्यम् ॥**
**आदौ हिरण्यकशिपुः प्रह्लादोऽन्यो विरोचनोऽथ बलिः।**
**चक्रे राज्यं तदिदं बलिसमये ध्वंसितं तु सुरैः[1] ॥ 16 ॥**

जैसा कि ऊपर कहा गया है कि अमृतमन्थन का ओझा जी ने विशिष्ट वर्णन नहीं किया, लेकिन इसी प्रसङ्ग में आगे इतना अवश्य कहा है, कि असुरों ने ९६ कलाओं का आविष्कार किया, उसी तरह से देवताओं के द्वारा भी ६४ विद्यायें आविष्कृत की गई। उनमें एक विद्या आकृतिपरिवर्तिनी भी थी, जिससे शरीर को विभिन्न आकृतियों में परिवर्तित किया जा सकता था, जैसे- विष्णु ने वराह के रूप में, नरसिंह के रूप में और मोहिनी के रूप में आकृतिपरिवर्तन किया, वह इसी विद्या के माध्यम से किया।

इन्हीं विषयों को परस्पर सम्बद्ध करके अनेक पुराणों में समुद्रमन्थन का विशिष्ट वर्णन किया गया है, जिसमें यह कहा गया है, कि देवताओं और असुरों में भयङ्कर युद्ध हुआ। उन्होंने सुमेरु पर्वत की तो मथानी बनाई तथा शेषनाग का रस्सी के रूप में प्रयोग किया। एक तरफ से (पूँछ की तरफ से) देवताओं ने उस शेषनाग को पकड़ा तथा दूसरी ओर (मुख की ओर) से दैत्यों ने पकड़ कर समुद्र का मन्थन किया, ऐसा वर्णन विभिन्न पुराणों में है। इस वर्णन को व्याख्याकार अनेक प्रकार से व्यावहारिक रूप में विश्लेषित भी करते हैं।

यहाँ केवल यही उल्लेखनीय है, कि इस प्रकार के महासङ्ग्राम का उल्लेख करने वाले ओझा जी ने इस युद्ध का कोई वर्णन इस प्रकार से नहीं किया तथा १४ रत्नों की उत्पत्ति का भी उल्लेख इस इन्द्रविजय नामक ग्रंथ में उनके द्वारा कहीं पर नहीं किया गया। इस प्रसङ्ग में इतना ही कहना पर्याप्त है, कि अधिकांश पुराण इस बात को स्वीकार करते हैं कि समुद्रमन्थन नामक इस प्रक्रिया में या युद्ध में १४ प्रकार के रत्न आविर्भूत हुए। इन १४ रत्नों के नाम निम्नानुसार हैं, यथा-

हालाहल विष, उच्चैःश्रवा घोड़ा, ऐरावत हाथी, कौस्तुभमणि, कामधेनु, कल्पवृक्ष, देवी लक्ष्मी, अप्सरा रम्भा, पारिजात, सुरा, पाञ्चजन्य शंख, चन्द्रमा, भगवान् धन्वन्तरि एवं अमृत।

कुछ पुराणों में हरिधनु की गणना की गयी है तथा भगवान् धन्वन्तरि एवं अमृतकलश का आविर्भाव एकसंख्यात्मक एवं एक साथ ही माना है। यद्यपि अमृत का कलश या कमण्डलु भगवान् धन्वन्तरि के हाथ में ही था, फिर भी कहीं कहीं दोनों का वैशिष्ट्य पृथक्- पृथक् प्रकार से स्वीकृत करके दोनों की गणना पृथक् -पृथक् रत्न के रूप में की गयी है तथा कहीं पर एक ही की गयी है।

यह स्पष्ट है कि पौराणिक काल में धन्वन्तरि की उत्पत्ति समुद्रमन्थन से मानी गयी थी और अधिकांश पुराणों में इससे सम्बन्धित वर्णन भी उपलब्ध होता है। महाभारत के आदिपर्व अध्याय १६ में कहा गया है -

**धन्वन्तरिस्ततो देवो वपुष्मानुदतिष्ठत।**
**श्वेतं कमण्डलुं बिभ्रदमृतं यत्र तिष्ठति**[2]**॥**

अर्थात् उसके बाद जहाँ अमृत है, ऐसे श्वेत कमंडलु को धारण किए हुए शरीरधारी देव धन्वन्तरि निकले (आविर्भूत हुए)।

ठीक इसी प्रकार का वर्णन विष्णुपुराण में है, थोड़ा सा शब्दों का अन्तर है। भागवतपुराण में स्कन्ध 8 के 8 वें अध्याय में भगवान् धन्वन्तरि का जो वर्णन किया गया है, उसमें इन्हें विष्णु के अंश से समुत्पन्न माना है। अग्निपुराण में जो वर्णन है, वह विष्णुपुराण और महाभारत से पूर्णतः साम्य रखता है, केवल एक दो शब्दों का अन्तर है, यथा-

**ततो धन्वन्तरिर्विष्णुरायुर्वेदप्रवर्तकः।**
**बिभ्रत्कमण्डलुं पूर्णममृतेन समुत्थितः[3]॥**

इस प्रकार से अन्य अनेक ग्रन्थों में भी भगवान् धन्वन्तरि के आविर्भाव का उल्लेख है। इन सभी ऐतिहासिक रचनाओं में भगवान् धन्वन्तरि के आविर्भाव का जो निर्देश किया गया है, उनमें एक बात सब में सामान्य है, वह यह है कि भगवान् धन्वन्तरि का आविर्भाव समुद्र के मन्थन से हुआ, जिसमें वे श्वेत कमण्डलु के साथ आविर्भूत हुए। इस कमण्डलु में अमृत विद्यमान था। इस अमृत से सम्बन्धित एक कथा प्रचलित है, जिसमें देव-दानवयुद्ध और उसके बाद समुद्रमन्थन का जो स्वरूप है, वह विशेष रूप से प्रचलित है।

इसी सन्दर्भ में यदि हरिवंशपुराण का प्रसङ्ग देखें तो उसमें लौकिक स्वरूप दृष्टिगत होता है, जबकि अन्य पुराणों में उल्लिखित प्रसङ्ग अलौकिक स्वरूप का है, जिसे अध्यात्मप्रधान इस देश में कभी नकारा नहीं जा सकता, सर्वदा स्वीकृत किया जाता है। हरिवंशपुराण में उल्लिखित प्रसङ्ग में भी प्राथमिक रूप से समुद्रमन्थन का ही उल्लेख है और उसी में भगवान् धन्वन्तरि की उत्पत्ति की मौलिकता निहित है, उसे भी बहुत से विद्वानों के द्वारा स्वीकृत किया जाता रहा है। इसमें जो प्रसङ्ग उपस्थापित किया गया है वह भी अलौकिक ही है, लेकिन उसे व्यावहारिकता प्रदान करने की दृष्टि से लौकिकता में परिणत कर दिया गया है। उसका सारांश इस प्रकार है -

समुद्रमन्थन से अब्जदेव प्रकट हुए, जो विष्णु के अंश थे। आविर्भाव के बाद उन्होंने भगवान् विष्णु से कहा कि मेरा भी यज्ञभाग नियत कर दें, लेकिन वे ऐसा नहीं कर सके। यद्यपि अब्जदेव उन्हीं के अंश के रूप में समुद्भूत थे, पर वे विवश थे, उन्होंने कहा कि यज्ञभाग तो देवताओं के लिए नियत किया जा चुका है और तुम देवताओं के बाद प्रकट हुए हो, अतः अब यज्ञभाग नियत करना सम्भव नहीं है, लेकिन तुम ऐसा कर सकते हो कि मर्त्यलोक में लौकिक रूप से मनुष्य के रूप में जन्म लेकर अलौकिक रूप से विशिष्ट कार्य करते हुए श्रेष्ठ सिद्धियों को प्राप्त करो, इससे तुम देवत्व को प्राप्त कर सकोगे और जब देवत्व प्राप्त हो जाएगा तो तुम्हारी पूजा होने लगेगी। उन्होंने यह भी कहा कि इन सिद्धियों में आयुर्वेदस्वरूपक चिकित्सा का भी प्राधान्य होगा।

उपर्युक्त कथन के अनुरूप अब्जदेव ने पृथ्वी पर राजा धन्व के पुत्र के रूप में जन्म लिया और धन्वन्तरि कहलाए। वहाँ जन्म लेने का एक विशेष कारण यह भी था, कि राजा धन्व ने पुत्रप्राप्ति के लिए तपस्या की थी और उस से प्रसन्न होकर अब्जदेव ने यह आश्वस्त किया था, कि मैं आपके पुत्ररूप में जन्म लूँगा और इसी के परिणामस्वरूप वे धन्वन्तरि के रूप में अवतरित हुए। यथा-

**पुत्रकामस्तपस्तेपे धन्वो दीर्घं महत्तदा।**
**ततस्तुष्टः स भगवानब्जः प्रोवाच तं नृपम्॥**
**यदिच्छसि वरं ब्रूहि तत्ते दास्यामि सुव्रत।**
**भगवन् यदि तुष्टस्त्वं पुत्रो मे ख्यातिमान् भव।**
**तथेति समनुज्ञाय तत्रैवान्तरधीयत॥**
**तस्य गेहे समुत्पन्नो देवो धन्वन्तरिस्तदा।**
**काशिराजो महाराज सर्वरोगप्रणाशनः**[4] **॥**

इस प्रकार से धन्वन्तरि का आविर्भाव दो प्रकार से माना जाता है- एक सीधा समुद्रमन्थन से और दूसरा विष्णु के अंश अब्जदेव का समुद्रमन्थन से प्रकट होना और उनके अंश के रूप में धन्वन्तरि का राजा धन्व के यहाँ पुत्ररूप में जन्म लेना माना जाता है। विष्णु के अंशांश होने के कारण यह जन्म भी आविर्भाव ही माना जाता है। अतः इतिहासकारों में दो तरह के मत प्रचलित हो गए- पहला आदिदेव धन्वन्तरि के रूप में आविर्भाव और दूसरा विष्णु के अंशांश के रूप में राजा धन्व के यहाँ धन्वन्तरि का जन्मस्वरूपक आविर्भाव। मनुष्य के रूप में जन्म लेने के बाद भी इन्होंने सिद्धियाँ प्राप्त करके आदिदेव भगवान् धन्वन्तरि के अनुरूप चिकित्सा के वैशिष्ट्य को प्राप्त किया और उसी में अमृतत्व भाव को सम्पादित किया। इतिहासकार इन दोनों को पृथक्- पृथक् स्वरूप में मानते आए हैं और मानते रहेंगे।

हरिवंश पुराण के २९ वें अध्याय में में काश राजा की वंशावली का उल्लेख किया गया है, उनका यहाँ क्रम से उल्लेख किया जा रहा है, यथा-

काश, दीर्घतपा, धन्व, धन्वन्तरि, केतुमान्, भीमरथ (या भीमसेन), दिवोदास, प्रतर्दन, वत्स एवं अलर्क।

इनमें काश के पौत्र धन्व नाम के राजा हुए, जिन्होंने अब्जदेव की आराधना करके अब्जदेव को पुत्र के रूप में प्राप्त किया जो धन्वन्तरि के नाम से विख्यात हुए (यह ऊपर स्पष्ट किया जा चुका है)। इन्होंने भरद्वाज से आयुर्वेद की विद्या को उपदेश के रूप में ग्रहण करके अपने प्रायोगिक ज्ञान से उसको और विस्तृत किया तथा उसका अष्टाङ्ग के रूप में अपने

शिष्यों को उपदेश दिया। इन्हीं धन्वन्तरि के प्रपौत्र दिवोदास हुए, जिन्होंने वाराणसी नगरी को बसाया। वे भी अत्यन्त प्रसिद्ध हुए, उनमें भी यह वैशिष्ट्य था, कि उन्होंने आयुर्वेदविद्या को प्राप्त किया तथा उस ज्ञान को अपने शिष्यों में वितरित किया।

सुश्रुत आदि शिष्यों ने इस ज्ञान को अपने अपने तंत्र के रूप में उपनिबद्ध करके लोक में प्रसारित किया तथा अपने उपदेष्टा गुरु काशिराज दिवोदास को भी भगवान् धन्वन्तरि के रूप में सम्बोधित किया तथा इसी रूप में प्रतिष्ठापित किया। अपने परदादा धन्वन्तरि की तरह चिकित्सा में निष्णात होने के कारण इनको भी तत्कालीन विशिष्ट व्यक्तियों के द्वारा धन्वन्तरि उपनाम से संबोधित किया जाने लगा तथा इन्होंने भी सहर्ष धन्वन्तरि उपनाम को धारण किया।

काशी के राजाओं की परम्परा में काश राजा के वंश में चौथी पीढ़ी में अर्थात् काश के बाद में चौथे स्थान पर धन्वन्तरि हुए तथा इन धन्वन्तरि की चौथी पीढ़ी में अर्थात् काश राजा की सातवीं पीढ़ी में दिवोदास हुए जो दिवोदास धन्वन्तरि के नाम से प्रसिद्ध हुए तथा बाद में केवल धन्वन्तरि के नाम से ही प्रसिद्ध हुए। शिष्यों को शल्यप्रधान अष्टाङ्ग आयुर्वेद का ज्ञान प्रदान करने वले ये ही धन्वन्तरि थे। अतः काशिराज दिवोदास धन्वन्तरि को ही सुश्रुतसंहिता में केवल धन्वन्तरि के नाम से सम्बोधित किया गया है| ये ही महर्षि सुश्रुत के गुरु दिवोदास धन्वन्तरि थे।

**सन्दर्भ -**

1. इन्द्रविजयः, पृष्ठ २८१
2. महाभारत आदिपर्व अध्याय १६
3. अग्निपुराण तृतीय अध्याय
4. हरिवंशपुराण पर्व एक अध्याय २९

# योगसिद्धान्तचन्द्रिका में अवतारवाद की अवधारणा

**शोधच्छात्रा- योगिन्द्रा देवी**
संस्कृत विभाग- विश्वेश्वरानन्दविश्वबन्धुसंस्कृत एवं भारत-भारती
अनुशीलन संस्थान,पंजाब विश्वविद्यालय, साधु आश्रम, होशियारपुर

भारतीय दार्शनिक परम्परा में किसी परमसत्ता के अस्तित्व का विचार विभिन्न सम्प्रदायों में प्रकारान्तर से उपलब्ध होता है।पौराणिक साहित्य में इसी परमसत्ता के लौकिक स्वरूप से सम्बन्धित विविध अवतारों का वर्णन प्राप्त होता है। अवतारवाद का सामान्य अभिप्राय - भगवान् का अपनी स्वातन्त्र्य शक्ति के द्वारा भौतिक जगत् में मूर्तरूप से आविर्भाव अथवाप्रकट होना है।भारतीय दर्शनों में सुविख्यात योगदर्शन में ईश्वर के स्वरूप-विवेचन के साथ ही अवतार के सम्प्रत्यय का भी उल्लेख प्राप्त होता है, जिसके आधार पर अवतारवाद के स्वरूप पर पर्याप्त चिन्तन योगसूत्र की ही आचार्य नारायणतीर्थ विरचित टीका योगसिद्धान्तचन्द्रिका में किया गया है।

कालत्रय में क्लेश, कर्म, विपाक, आशयों से असंसृष्ट पुरुषविशेष ईश्वर है।ईश्वर अविद्या,अस्मिता, राग, द्वेष तथा अभिनिवेश पांच क्लेशों से रहित है। क्लेशों का सम्पर्क ईश्वर से न तो अतीत में था, न भविष्य में अर्थात् वह सदा से ही क्लेशों से मुक्त है। ईश्वर नित्यमुक्त है, वह किसी भी काल में बन्धनों से युक्त नहीं रहा। धर्म-अधर्म कर्म है, कर्मों का फल विपाक है,विपाक से बनने वाले संस्कार वासना है, यही आशय है। ईश्वर में क्लेश, कर्म,वासनाओं का लेशमात्र भी नहीं होता है। पुरुषविशेष के विवेचन के सम्बन्ध में योगसिद्धान्तचन्द्रिकाकार कहते हैं, कि जो प्राकृतिक आदि बन्धनों को पार करके मुक्त हैं जैसे हिरण्यगर्भादि, वे ईश्वर नहीं हैं। ईश्वर तीनों कालों में क्लेशादि से अछूता है। ईश्वर सदैव मुक्त है-

**तत्र य: परमात्मा हि स नित्यं निर्गुणं स्मृत: ।**
**कर्मात्मा पुरुषो योऽसौ बन्धमोक्षौ स युज्यते॥**

ईश्वर साम्य तथा अतिशय से रहित है, अत: अद्वितीय है। ईश्वर निरतिशय रहता है, यह निरतिशय ही ईश्वर के सर्वज्ञत्व का अनुमापक है। तीर्थ कहते हैं कि ईश्वर सर्गादि में उत्पन्न ब्रह्मा, विष्णु, महेश से भिन्न है। परमेश्वर तो इनसे परे है।

**यस्य देवे परा भक्तिर्यथा देवे तथा गुरौ।**
**तस्यैते कथिता ह्यर्था: प्रकाशन्ते महात्मन:॥**

ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र का लोक में जो भेद देखा जाता है, वह परमात्मा से अभिहित है। इन्हें दो प्रकार का कहा गया है। श्रौ तथा पौराण। श्रौता साक्षात् परमेश्वर के अवतार हैं तथा पौराण संसारी पुरुषविशेष हैं। ये अविद्या के कारण विषय कर्मों तथा इनके फलों में भटकते रहते हैं। ये साक्षात् परमेश्वर के अवतार नहीं है अपितु शक्ति-शक्तिमदभेद से उपासक के लिए परमेश्वर कहे जाते हैं, तत्त्वत: नहीं।इसी तरह रामादि तथा उनके अवतार सभी जीवविशेष हैं न कि परमेश्वर के साक्षात् अवतार। ये ईश्वर की सभी शक्तियों से पूर्ण होने के कारण ही संसार में अनेक प्रकार से आविर्भूत एवं तिरोभूत होते रहते हैं-

**ब्रह्मविष्णुशिवा ब्रह्मन् प्रधाना ब्रह्मशक्तय:।**
**ततो न्यूनाश्च मैत्रेय देवा यक्षादयस्तथा।।**
**ब्रह्मविष्णुमहेशानां य पर: स ईश्वर:।।**

"स: पूर्वेषामपि गुरु: कालेनानवच्छेदात्" इस योगसूत्र से भी यही सूचित होता है, क्योंकि इसमें ईश्वर का गुरुत्व तथा ब्रह्मादि का शिष्यत्व रूप में प्रतिपादन होने के कारण ब्रह्मादि में अल्पज्ञत्व आदि ज्ञात होते हैं। तीर्थ ने उपर्युक्त मत को अयुक्त ठहरते हुए कहा है कि ब्रह्मादि को जीव प्रतिपादित करने पर भक्ति के प्रवर्त्तक तन्त्र, पुराण, इतिहासादि अर्थहीन हो जाएंगे। ब्रह्मादि की अल्पज्ञता जान कर कोई भी व्यक्ति उनकी आराधना नहीं करेगा। वस्तुत: ईश्वर में अनेक प्रकार की शक्तियाँ हैं। ईश्वर के अवतारों को छोटा या बडा कार्य करता हुआ देख कर उनमें उत्कृष्टता तथा अपकृष्टता की कल्पना करना उचित नहीं है।

अवतारवाद के विवेचन के प्रसंग में योगसिद्धान्तचन्द्रिकाकार स्वमत के रूप में श्रुतियों के उद्धरणों से पुष्टि करते हुए कहते हैं कि -"एकमेवाद्वितीयम्। एको देव: सर्वभूतेषु गूढ:। सर्वव्यापी सर्वभूतान्तरात्मा।"ये श्रुतियां अवतारवाद की बाधक हैं, परन्तु "एको वशी सर्वभूतान्तरात्मा। एकं रूपं बहुधा य: करोति। अजायमानो बहुधा विजायते।।"ये श्रुतियाँ ईश्वर के अवतार की प्रबल समर्थक हैं। इन श्रुतियों को उद्धरण के रूप में प्रस्तुत करते हुए नारायणतीर्थ ने अवतारवाद का समर्थन किया है। वस्तुत: ईश्वर एक है परन्तु वह अपने रूप को अनेक प्रकार से प्रतिभासित करता है। ईश्वर-अवतारक्रम को योगसिद्धान्तचन्द्रिकाकार ने अन्तर्यामी तथा बहिर्यामी भेद से दो प्रकार का प्रतिपादित किया है।

**अन्तर्यामी ईश्वर -** ईश्वर का अन्तर्यामी रूप अन्त: स्थित होकर प्रेरक होता है। अन्तर्यामी ईश्वर दो प्रकार का कहा गया है। चित् अन्तर्यामी तथा अचित् अन्तर्यामी। उपासकों के लिए ईश्वर सविग्रह होकर प्रकट होता है, परन्तु निर्गुण परमेश्वर को मानने वाले उसका चिद्रूप से ही अनुभव करते हैं।

**बहिर्यामी ईश्वर-** बहिर्यामी ईश्वर बाहर स्थित होकर नियामक है। ईश्वर का यही रूप लोक तथा शास्त्र में अवतार नाम से प्रसिद्ध है। बहिर्यामी परमेश्वर के दो अवतार हैं। नित्यविभूतिनिलय तथा लीलाविभूतिनिलय। नित्यविभूति निलय

अवतारी रूप है। लीलाविभूतिनिलय व्यूह तथा अवतार भेद से दो प्रकार का है। व्यूह रूप वेदादि ज्ञानप्रदाता तथा सृष्ट्यादि सम्पादक दो गुणों का व्यञ्जक है। यही ब्रह्मादि रूप से व्याप्त होकर सभी देह में स्थित होते हैं। वही सर्ग, स्थिति, प्रलय में ब्रह्म होता है। व्यूह अवतार स्मृतियों में इस प्रकार कहा गया है-

षाड्गुण्यपरिपूर्णोऽसौ वासुदेव: सनातन:। त्रिधा कृत्वात्मनो रूपं चतुर्धा कुरुते जगत्॥ अन्तर्यामित्वमापन्न: सर्गं सम्यक् करोति हि।

लीलाविभूतिनिलय अवतार रूप तो स्वसंकल्पपूर्वक अन्य व्यक्ति के शरीर में प्रकट होकर भक्त पर कृपा करने वाला वात्सल्य आदि अनेक गुणों का सम्पादन करता है।

**माया ह्येषा मया सृष्टा यन्मां पश्यसि नारद।**
**सर्वभूतगुणैर्युक्तं न तु मां द्रष्टुमर्हसि॥**

अवतारभेद भी विभव तथा अर्च भेद से दो प्रकार का होता है। विभवावतार गमनागमन संश्लेष-विश्लेष योग्य दिव्य देह को प्रकट करके स्थित होने वाला है। विभवावतार भी स्वरूप तथा आवेश भेद से दो प्रकार का है। स्वरूपावतार सर्वेश्वर है, स्वीय प्राकृत रूप से इतर सजातीय रूप को प्रकट करते हुए स्थित रहता है।

स्वरूपावतार भी मनुज अवतार, अमनुज अवतार भेद से दो प्रकार का है। मनुज राम, कृष्णादि मानव की आकृति को धारण करने वाले हैं। अमनुज मानव के अतिरिक्त जैसे देव, तिर्यक्, मत्स्य, उपेन्द्र आदि हैं। आवेशावतार भी स्वरूप तथा शक्ति भेद से दो प्रकार का है। स्वरूप आवेशावतार किन्हीं चेतनों में अपने स्वरूप में स्थित रहता है। जैसे कपिल, अनन्त, व्यास, परशुराम आदि। शक्ति आवेशावतार शक्ति के द्वारा सन्निधि भूय होकर स्थित रहता है जैसे पृथु, धन्वन्तरि आदि।

अर्चावतार अर्चक के पराधीन होकर स्वस्थिति में अवस्थित रहता है। वह गृह तथा आयतन भेद से दो प्रकार का है। गृहार्चावतार से अभिप्राय उपासकों द्वारा घर तथा मन्दिर में पूजा के रूप में संस्कारित की गई मूर्त्ति से है। आयतन अर्चावतार से अभिप्राय शालग्रामादि में स्वसंकल्प के द्वारा भगवान् की सन्निधि करने से है। आयतन अर्चावतार शालग्रामादि पत्थर विशेषों में प्रसिद्ध है। इसलिए इनकी परमात्मा रूप में पूजा करके फल लाभ होता है, इस प्रकार शास्त्रों में वर्णित है- "चराचरेषु सर्वेष्वपि स एव शक्त्या सन्निहित:"।

नारायणतीर्थ का कथन है कि यद्यपि सर्वव्यापक परमात्मा संसार के सभी पदार्थों में स्वशक्ति से सन्निहित है, अत: सभी पदार्थ परमात्मस्वरूप हैं, तथापि जिन पदार्थों में विचित्र कार्य करने की शक्ति निगूढ है तथा जो अपनी शक्ति का

प्रदर्शन भी करते हैं, वे ही ईश्वर के अवतारी कहे जाते हैं, सभी नहीं। इसी तरह पृथु, धन्वन्तरि आदि को अलौकिक शक्ति से विशिष्ट होने के कारण अवतार कहा गया है। सच्चिदानन्दं विग्रहं पञ्चपदं वृन्दावनभूरुहतलासीनम् इस श्रुति के आधार पर ब्रह्म, विष्णु, रुद्रादि भी अवतार हैं। रामकृष्णादि को भी स्वरूपविभवावतार कहा गया है, चाहे वे आपाततः जीव प्रतीत होते हों। रामादि अवतार होने के कारण यदि वे लोकवल्लीलाकैवल्य न्याय के अनुसार मनुष्यादि रूप धारण कर सामान्य जीवों की भाँति वशिष्ठ आदि का गुरुत्व स्वीकार करते हैं, तो उसमें भी कोई हानि नहीं है, क्योंकि वे समर्थ हैं। भगवान के किसी एक रूप में मुग्ध होकर अन्य रूपों का अपकर्ष प्रतिपादन करने वाले की दुर्गति भी कही गयी है।

योगसिद्धान्तचन्द्रिकाकार अवतारवाद के सिद्धान्त का प्रतिपादन करके उसे लौकिक उदाहरण द्वारा स्पष्ट करने का प्रयास करते हैं। तीर्थ कहते हैं कि जिस प्रकार भूमि में बीज,अंकुर तथा वृक्ष होते हैं एवं वृक्ष में पक्व तथा अर्धपक्व फल होते हैं, उसी प्रकार शुद्ध चैतन्य परमात्मा में ईश, सूत्र तथा विराट हैं। विराट में मत्स्य, कूर्म, कृष्ण तथा सब लोग हैं। जिस प्रकार पके हुए फल वाले बीज में वृक्ष को उत्पन्न करने का सामर्थ्य है, किन्तु बिना पके हुए फल वाले बीज में वृक्ष को उत्पन्न करने की शक्ति नहीं होती है, उसी तरह कृष्णादि अवतारों में जगत् की उत्पत्ति का सामर्थ्य है, सांसारिक जीवों में नहीं।जैसे पृथ्वी की सहायता से बीज अंकुर को उत्पन्न करते हैं, उसी प्रकार ईशादि भी मायाविशिष्ट शक्ति के योग से चित्तापूरित होकर सूत्रादि भाव को प्राप्त करते हैं।

**सन्दर्भ -**

1. कालत्रयेऽपि क्लेशतत्फलरहित इत्यर्थः।योगसिद्धान्तचन्द्रिका, पृष्ठ, 30.
2. अविद्यादयः क्लेशाः कुशलाकुशलानि कर्माणि तत्फलं विपाकः तदनुगुणा वासना आशयः। व्यासभाष्य, पृष्ठ, 80.
3. हिरण्यगर्भादयः प्राकृतिकादीनि बन्धनानि............. ईश्वरस्तु सदैव क्लेशादिभिरसंसृष्टः। योगसिद्धान्तचन्द्रिका, पृष्ठ, 30.
4. योगसिद्धान्तचन्द्रिका, पृष्ठ, 30.
5. नास्ति साम्यमतिशयञ्च यस्मात् ईश्वरस्य अद्वितीयम्। योगसिद्धान्तचन्द्रिका,पृष्ठ,30.
6. तदेव तत्रेश्वरे सार्वज्ञनुमापकमित्यर्थः ।योगसिद्धान्तचन्द्रिका, पृष्ठ, 34.
7. सर्गाद्युत्पन्नसत्यलोकादिमात्राधिकारिब्रह्मविष्णुरुद्रादिभ्यो भेदम्। योगसिद्धान्तचन्द्रिका, पृष्ठ,34.
8. योगसिद्धान्तचन्द्रिका, पृष्ठ, 34.
9. योगसिद्धान्तचन्द्रिका, पृष्ठ,36.
10. योगसिद्धान्तचन्द्रिका, पृष्ठ,36.
11. योगसूत्र.१.२६.
12. योगसिद्धान्तचन्द्रिका, पृष्ठ, 37.
13. योगसिद्धान्तचन्द्रिका, पृष्ठ, 37.

14. योगसिद्धान्तचन्द्रिका, पृष्ठ, 37.
15. योगसिद्धान्तचन्द्रिका, पृष्ठ, 37.
16. योगसिद्धान्तचन्द्रिका, पृष्ठ, 37.
17. योगसिद्धान्तचन्द्रिका, पृष्ठ, 37.
18. योगसिद्धान्तचन्द्रिका, पृष्ठ, 37.
19. योगसिद्धान्तचन्द्रिका, पृष्ठ, 37.
20. योगसिद्धान्तचन्द्रिका, पृष्ठ, 37.
21. योगसिद्धान्तचन्द्रिका, पृष्ठ, 37.
22. योगसिद्धान्तचन्द्रिका, पृष्ठ, 37.
23. योगसिद्धान्तचन्द्रिका, पृष्ठ, 38.
24. योगसिद्धान्तचन्द्रिका, पृष्ठ, 38.
25. योगसिद्धान्तचन्द्रिका, पृष्ठ, 38.
26. योगसिद्धान्तचन्द्रिका, पृष्ठ, 38.
27. योगसिद्धान्तचन्द्रिका, पृष्ठ, 38.
28. योगसिद्धान्तचन्द्रिका, पृष्ठ, 38.
29. योगसिद्धान्तचन्द्रिका, पृष्ठ, 38.
30. योगसिद्धान्तचन्द्रिका, पृष्ठ, 38.
31. योगसिद्धान्तचन्द्रिका, पृष्ठ, 38.
32. योगसिद्धान्तचन्द्रिका, पृष्ठ, 38.
33. योगसिद्धान्तचन्द्रिका, पृष्ठ, 39.

**सन्दर्भ ग्रन्थ-**

1. पातंजलयोगदर्शन, वाचस्पतिमिश्र कृत तत्त्ववैशारदी टीका सहित विज्ञानभिक्षु कृत योगवार्त्तिक व्यासभाष्यसहित, श्रीनारायणमिश्र, भारतीय विद्या प्रकाशन ,वाराणसी, 1998.
2. पातंजलयोगदर्शन हरिहरानंद आरण्य, मोतीलाल बनारसीदास दिल्ली,1975.
3. पातंजल योगदर्शनम् ,तुलसीराम,स्वामी प्रेस, मेरठ,१९७७.
4. पातंजल योगशास्त्र एक अध्ययन, डा. ब्रम्हानंद अवस्थी, इंदु प्रकाशन, भोपाल,१९७८.
5. भारतीय दर्शन, बलदेव उपाध्याय, शारदा मंदिर, वाराणसी, 2011.
6. योगदर्शनम्, श्री कृष्णवल्भाचार्य, चौखम्बा विद्याभवन,वाराणसी, 2001.
7. योगसारसंग्रह डा. रामशंकर भट्टाचार्य,भारतीय विद्या प्रकाशन,वाराणसी,1989.
8. योगसारसंग्रह, विज्ञानभिक्षु,व्याख्या पवन कुमारी, ईस्टर्न बुक लिंकर्स, दिल्ली,1981.
9. योगसूत्र (व्यासभाष्य सहित),व्याख्या. सुरेशचन्द्र श्रीवास्तव, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी,2006.
10. योगसिद्धांतचंद्रिका, डा. विमला कर्णाटक ,चौखम्बा संस्कृत सीरीज,वाराणसी,2000
11. हठयोग एक ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य एवं हठयोगप्रदीपिका, सुरेंद्र कुमार शर्मा,ईस्टर्न बुक लिंकर्स, दिल्ली,1985.

# आयुर्वेद का एक संग्रहग्रन्थ 'प्रतापसागर'

**गोपीनाथ पारीक 'गोपेश'**
अध्यक्ष, राज. आयु. वि. परिषद्

वीरों और भक्तों की वसुन्धरा वाला राजस्थान सदैव से ही शक्ति और भक्ति का उपासक रहा है। यहाँ शास्त्र और शस्त्र दोनों को ही महत्त्व दिया गया है। यहाँ रणक्षेत्रों में केवल रणहुंकार और अस्त्र-शस्त्रों की खनखनाहट ही नहीं गूंजी अपितु साहित्य एवं संगीत की स्वर लहरियाँ भी ध्वनित हुई है।

इस राजस्थान प्रान्त की राजधानी गुलाबी नगर जयपुर है, जिसकी शोभा वर्णन करते हुये 'जयपुरवैभवम्' के रचयिता श्री मञ्जुनाथ जी ने लिखा है-

**उत्तुङ्गपुरगोपुरनिवेशविशालवीथिभृतोद्भवा,**
**श्रेणीनिबद्धसुचारुविपणिथेषु जनकलकलरवा।**
**नृपाटवी किं विकङ्कचारुचतुष्पदीरचितोत्सवा,**
**जहति तुलां जगतीतले जयतीह जयनगरी नवा**[1]**।।**

इस जयपुर नगर के संस्थापक थे-सवाई जयसिंह। सवाई जयसिंह का जन्म 3 नवम्बर सन् 1688 में हुआ और निधन 21 सितम्बर 1743 को हुआ था। अपने पिता आमेर के राजा विशनसिंह की मृत्यु के समय ये जयसिंह मात्र 11 वर्ष के थे। इन्होंने जयपुर नगर की स्थापना 18 नवम्बर 1727 ईस्वी को पंडित जगन्नाथ सम्राट के सान्निध्य में नवग्रहपूजन के साथ करवाई थी। राज्य के कुशल शिल्पी दीवान विद्याधर और आनन्दराम मिस्त्री के सहयोग से इस नगर का वास्तु के अनुसार नक्शा तैयार किया गया था। पुर्तगाल, का परिनक्स तथा गैलिलियो के इमानुएल से भी इस बारे में राय-मशविरा किया गया था। दो लाख की आबादी के लिये बनाये गये इस शहर के लिये चीन इराकी टाउन प्लानिंग तथा शिल्पियों की भी मदद ली गयी थी।

सवाई जयसिंह के कुल 26 रानियाँ थी, किन्तु वे सुखकँवर नामक रानी से विशेष प्रेम करते थे और उससे उत्पन्न पुत्र ईश्वरीसिंह को ही अपना उत्तराधिकारी बनाना चाहते थे, जबकि अनुबन्ध के अनुसार महारानी चन्द्रकुँवर के पुत्र माधोसिंह (प्रथम) का इस राजगद्दी पर हक बनता था। सवाई जयसिंह की मृत्यु के पश्चात् 22 सितम्बर 1743 को ईश्वरी

सिंह जयपुर गद्दी पर बैठा किन्तु अपने मामा मेवाड़ के महाराजा जगतसिंह के नेतृत्व में माधोसिंह के युद्ध छेड़ देने के कारण अपने को चारों तरफ से असहाय मान कर ईश्वरीसिंह ने विषपान कर आत्महत्या कर ली। इनकी मृत्यु 23 दिसम्बर 1750 को हुई। इस प्रकार ईश्वरीसिंह केवल 7 वर्ष ही शासन कर पाये। आखिर 10 जनवरी 1751 को माधोसिंह (प्रथम) जयपुर के महाराजा बन गये, जिन्होंने 17 वर्षों तक राज किया। सन्1768 में माधोसिंह के पुत्र पृथ्वीसिंह को राजगद्दी पर बिठाया गया, किन्तु राज्य का सारा कार्य पृथ्वीसिंह की सौतेली माता चूण्डावतजी ही देखती थी क्योंकि उस समय पृथ्वीसिंह मात्र पाँच वर्ष का बालक था। 15 वर्ष की उम्र में ही उसकी मृत्यु हो जाने के पश्चात् माजी चूण्डावतजी का पुत्र प्रतापसिंह 1778 में जयपुर का राजा बनाया गया।

जिस समय सवाई प्रतापसिंह जयपुर की राजगद्दी पर बैठे, उस समय आयु मात्र 13 वर्ष की थी। ऐसी स्थिति में उनकी माता चूण्डावतजी बालक राजा की संरक्षक एवं अभिभावक बनी रही। छोटी उम्र में बड़ी जिम्मेदारी संभालने वाले इस शासक ने जो महत्त्वपूर्ण कार्य किये, वे चिरस्मरणीय रहेंगे। आप एक कुशल शासक के साथ ही भक्त कवि के रूप में विख्यात हुये। आप के दीक्षा गुरु जगन्नाथ भट्ट थे। आप संगीतप्रेमी भी थे। इस क्षेत्र में आपके उस्ताद चाँद खाँ थे जो बुधप्रकाश के नाम से जाने जाते थे। आपने काव्यकला को नवीन रूप दिया। कविता के क्षेत्र में आपने अपना नाम 'ब्रजनिधि' रखा था। भाषा ब्रजभाष जू है ब्रजभूषन भगवान' को ध्यान में रखते हुये आपने अधिकतर सृजन ब्रजभाषा में ही किया। ब्रजभाषा के प्रसिद्ध कवि भिखारीदास ने स्पष्ट कहा है, कि ब्रजभाषा में रचना करने के लिये ब्रजवासी होना आवश्यक नहीं है-

**ब्रजभाषाहेत ब्रजवास ही न अनुमानौ**

**ऐसे ऐसे कविन की बानी हूँ सौं जानिये[2]।**

आपने कुल 22 ग्रन्थ लिखे, जिनमें ब्रजनिधि मुक्तावली और ब्रजनिधि पदसंग्रह मुख्य हैं। आपने भर्तृहरि के शतकत्रय का भी ब्रजभाषा में पद्यानुवाद किया। आप प्रतिदिन पाँच नये पद रच कर अपने इष्टदेव गोविन्ददेव तथा ठाकुर ब्रजनिधि जी को (ब्रजनिधिजी के नाम से जो मन्दिर बना हुआ है) समर्पित करते थे।

आपने काव्यकला के साथ ही स्थापत्य कला को भी विकसित किया। जयपुर का हवामहल आपने ही बनवाया था। आप उसमें बैठ कर ही प्रायः कविता किया करते थे। इसके अतिरिक्त आप केवल कलम के ही धनी नहीं थे, अपितु तलवार के भी धनी थे। सन् 1787 में आपने लालसोट के पास तूंगा की लड़ाई में महादजी सिन्धिया जैसे नामवर मरहठा सेनापति को हरा कर राजस्थान के वीर योद्धाओं में अपना नाम जुड़वाने में सफल रहे।

राजस्थान के राजाओं में मुख्यतः तीन भक्त हुये। प्रथम मेड़ता के राव जयमल जी, जो भक्तिमती मीरा के भाई थे।ये किशनगढ़ (अजमेर) के राजा थे। सवाई प्रतापसिंह जितने घनानन्द कवि से प्रभावित थे, उतने ही नागरीदास जी से भी थे और यह संयोग ही था, कि जिस वर्ष नागरी दास जी का निधन हुआ, उसी वर्ष ब्रजनिधि जी का जन्म हुआ था।

सवाई प्रतापसिंह का आयुर्वेद के प्रति भी बहुत अनुराग था। आयुर्वेद के ग्रन्थों का भी आप अध्ययन करते रहते थे। आयुर्वेद के विद्वानों का आप बहुत आदर करते थे। उस समय अहमदाबाद में राजा महता की पोल में गोविन्दरामजी व्यास के पुत्र प्रभुराम जी निवास करते थे। इन प्रभुराम जी के पुत्र लक्ष्मीराम जी व्यास थे, जो एक ख्यातिप्राप्त कुशल वैद्य थे। महाराजा सवाई प्रतापसिंह ने उन लक्ष्मीराम जी को जयपुर बुलवाया और उनकी आजीविका का पूरा प्रबन्ध किया। श्री लक्ष्मीराम जी भट्ट यहाँ जयपुर में भागवत की कथा करते थे और चिकित्सा भी करते थे। आयुर्वेद के प्रकाण्ड पण्डित, भट्ट व्यास मेवाड़ा जातीय गुर्जर गौड़ ब्राह्मण श्री लक्ष्मीराम जी ने जयपुर नगर में आयुर्वेदीय चिकित्सा पद्धति का प्रचार-प्रसार किया। आप ही के वंश में हुये वैद्यों ने इस विद्या को और अधिक यहाँ प्रचारित किया। यावन्मात्र वैद्य इन्हीं के पुत्र-पौत्रादिकों के शिष्य प्रशिष्य माने जाते हैं।

इन वैद्य श्रीलक्ष्मीराम जी भट्ट की प्रेरणा से ही और इनकी देखरेख में ही 'अमृतसागर' नामक एक महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ लिखा गया, जो आयुर्वेद साहित्य की अभिवृद्धि करने वाला है। पं. श्री हनुमान शर्मा (चौमूं) के अनुसार इस ग्रन्थ का लेखक स्वयं महाराज प्रतापसिंह को ही बतलाया है, परन्तु विद्वद्वर पुरोहित श्री हरिनारायण जी विद्याभूषण ने इसे अनेक वैद्यों द्वारा संग्रहित ग्रन्थ बताया है। यही बात मुरादाबाद निवासी शालिग्रामौषधशब्दसागर के लेखक श्री शालिग्राम ने भी अपने इस ग्रन्थ की भूमिका में लिखी है - 'महाराजाधिराज श्रीमान् सवाई प्रतापसिंह जयपुर निवासी के नाम से प्रतापसागर (अमृतसागर) नाम से वैद्यों ने ग्रन्थ लिखकर प्रसिद्ध किया, यह इस देश के पंडितों का ही प्रताप था।[3]

डा. प्रभाकर शर्मा शास्त्री (पूर्व प्रवक्ता, संस्कृत विभाग डूंगर कॉलेज बीकानेर) ने लिखा है कि पुरोहित हरिनारायणजी के अनुसार यह ग्रन्थ अमृतसागर के नाम से प्रथम संस्कृत में बना था और फिर इसका हिन्दी (ब्रजभाषा) में अनुवाद हुआ। यह वैद्यक का बहुत उपयोगी तथा प्रामाणिक ग्रन्थ है। मेरी दृष्टि में यह ग्रन्थ प्रथमतः एक ही भाषा में लिखा गया है और वह है प्रारम्भिक हिन्दी जिसमें ब्रजभाषा का पुट मिलता है। इसी ग्रन्थ के दो नाम हैं - अमृतसागर और प्रतापसागर । यदि इससे अतिरिक्त कोई ग्रन्थ मूल संस्कृत भाषा में लिखा राजकीय पुस्तकालय में विद्यमान हो, तो निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता। लोक में इसका भाषात्मक रूप ही प्रचलित है। इससे सामान्यतः वे चिकित्सक लाभान्वित हुये हैं, जिन्होंने चरक-सुश्रुत आदि ग्रन्थ नियमतः गुरुमुख से नहीं पढ़े हो। यों इस ग्रन्थ का विषय वैद्यों के अनुभव से परिपूर्ण माना गया है।[4]

मेरे पास पूज्य पिता श्री वैद्य रघुनाथ प्रसाद जी द्वारा प्रदत्त यह ग्रन्थ विद्यमान है जो हस्तलिखित ग्रन्थ की तरह छपा हुआ ग्रन्थ है, जिस पर अमृतसागर तथा प्रतापसागर ये दोनों नाम एक साथ लिखे हुये हैं। इस ग्रन्थ में कुछ 25 तरंग है। प्रथम तरंग के प्रारम्भ में लिखा है-

'अथ श्रीमन्महाराजाधिराजमहाराज राजराजेन्द्र महाराज श्री सवाई प्रतापसिंहजी विचार करि मनुष्यां का रोगां कौं दूरि करवाकैं वास्ते परम करूणा करिकैं चरक सुश्रुत वागभट्ट भावप्रकाश आत्रेयनें आदि लेकरिकैं वैद्यक का सर्व ग्रन्थां नें विचारि करिबांको सार काढ़ि अति संक्षेप ते सर्वरागां को निदान पूर्वक अमृतसागर नाम ग्रंथ करत्रौतीं की वचनिकाकरकें औषध्यां का अनेक प्रकार का अजमाया जतन विचार पूर्वक लिखजे हैं।[5]'

ग्रन्थ के प्रारम्भ में रोग विचार,नाड़ीपरीक्षा, मूत्रपरीक्षा, स्वप्नपरीक्षा, दूतपरीक्षा, साध्यसाध्यपरीक्षा आदि लिख कर अधारणीय वेगों के विषय में चर्चा करने के पश्चात् ज्वर की निदान-चिकित्सा का विस्तार से वर्णन किया गया है। इनमें दोषानुसार क्वाथ चूर्ण आदि लिखने के पश्चात् सन्निपात ज्वर में मृतसंजीवनी वटी, त्रिपुरभैरवरस तथा ब्रह्मास्त्र आदि रसों का वर्णन किया गया है।

इसके पश्चात तीसरे तरंग में अतिसार ग्रहणी का वर्णन किया गया है। ग्रहणी के प्रसंग में लिखा गया है कि -'प्रथम मनुष्य कु आतीसार हौय करि औ अतीसार तो जातौ रहै पाछे ओ मनुष्य कूपक्य करै तदि अग्निमंद होय सौ अग्नि मंद हुई थकी पूरष का उदर मैं रहती जौ छठी कला जीकौ नाम ग्रहणी छै सो वा मंदाग्नि बेंकलानै विगाडै छै सो वा कला बिगड़ी थकी काचा अन्न नै तो ग्रहण करै छै अर पाका अन्न नें गुदा द्वारा काढै छै ई वास्तै वैद्य हैं सोई रोग को नाम संग्रहणी कहयौ।[6]'

इसके पश्चात् अजीर्ण, अग्निमांद्य, पाण्डुकामला, रक्तपित्त आदि रोगों के निदान और चिकित्सा का वर्णन किया गया है। चिकित्सा को 'जतन' नाम दिया गया है। इनमें वैद्यों द्वारा व्यवहृत बडवानल चूर्ण, क्रव्यादरस, संजीवनीवटी, अग्निकुमाररस, पुनर्नवामण्डू, पेठा को अवलेह (कुष्माण्डावलेह), एलादिवटी आदि योगों के अतिरिक्त कतिपय मुष्टियोग भी लिखे गये हैं। इसके गजपुट का चित्र भी दिया है तथा जो योग लिखा गया वहाँ कहीं कहीं ग्रन्थ का भी उल्लेख किया गया है यथा - 'ये सर्व वैद्य विनोद मै लिष्यो छै'। इसमें तालीसादि चूर्ण, लंवगादिचूर्ण, अगस्त हरडै (अगस्त्यहरीतकी) आदि की निर्माण विधि लिखकर अन्त में लिखा है - 'इति राजयोग सोसरोग क्षयीरोग यांकी उत्पत्ति लक्षण जतन संपूरणम्' श्वास रोग के अन्तर्गत कंटकार्यावलेह को 'कट्याली को अवलेह' के नाम से उद्घृत किया है। इन रोगों का वर्णन कर पंचम तरंग को पूर्ण किया गया जहाँ स्पष्टरूप से इस ग्रन्थ के रचनाकार सवाई प्रतापसिंह जी को कहा गया-'इति श्रीमन्महाराजाधिराजमहाराज राजराजेन्द्र श्री सवाई प्रतापसिंह जी विरचिते अमृतसागर नाम ग्रन्थे..'[7]।

इस भाषा से सिद्ध होता है कि विद्वान् लेखकों ने उन राजा के सम्मानार्थ उनको रचनाकार लिख दिया हो। इसी भाषा का आगे की तरंगों में भी प्रयोग किया गया है।

तत्पश्चात् षष्ठतरंग में स्वरभंग, अरुचि, छर्दि, तिसरोग (तृष्णा) और मूर्च्छा का तथा सप्तम तरंग में मदात्यय, दाह, उन्माद, मृगीरोग (अपस्मार) का सनिदान चिकित्सा का वर्णन किया गया है। उन्माद के प्रकरण में कई तंत्र-मंत्रों का भी उल्लेख किया गया है। यंत्रों के चित्र भी दिये गये हैं। अष्टम तरंग में वातव्याधिका विस्तार से वर्णन किया गया है। इसमें सभी वातरोगों का उल्लेख करते हुये उनके प्रसिद्ध योग लिखे गये हैं। इस प्रकरण में जो लक्षणपाकलिखा गया है, ऐसा अन्यत्र देखने को नहीं मिलता । यहाँ इस ग्रन्थ की भाषा उद्घृत न करते हुये इसकी निर्माण विधि का वर्णन करना उपयुक्त समझता हूँ-

इकपोतिया लहसुन 100 ग्राम लेकर छिलका हटा कर उनके छोटे छोटे बारीक टुकड़े कर लें और उसे दूध में डाल कर उबालें, दूध पूरा विनष्ट हो जाने पर नीचे उतार कर उसे पीस कर पिष्टी बनालें। इसे फिर घी में सेंके। दूध इतना ही लें जिसमें इसकी पिष्टी हो जाये और घृत भी इतना ही लें कि यह अच्छी तरह सिक जाय। फिर 50 ग्राम मिश्री की चाशनी बना कर लौंग 5 ग्राम, जायफल 2 ग्राम तथा दालचीनी 3 ग्राम पीसकर मिला लें और रसोनकल्क भी मिला लें। इसकी कुल पाँच मात्रा कर लें। एक-एक मात्रा प्रातः पाँच दिनों तक खालें। इसी प्रकार पुनः बनावें। इसे 21 दिनों तक अथवा रोग की उग्रता में 41 दिनों तक सेवन करने से वात रोगों का शमन होता है। यह पक्षाघात में अधिक उपयोगी है और हृदय के लिये भी बलप्रद है। इसमें 2 नग स्वर्ण वर्क डालने को कहा है इसकी उपयोगिता स्वर्ण के मिश्रण से अधिक बढ़ जाती है। इसके साथ ही 500 मिग्रा. कस्तूरी का भी उल्लेख है। कस्तूरी श्रेष्ठ वातशामक होने के साथ ही मस्तिष्क पोषक, नाड़ीबल्य,हृद्य तथा विषघ्न है, किन्तु आजकल इसकी उपलब्धता पर संशय है। यदि यह मिश्रित की जाये तो 'लषणपाक' वस्तुतः अधिक लाभकारी सिद्ध होगा।

नवम तरंग में उस स्तम्भ, आमवात, पित्तव्याधि और कफव्याधि का वर्णन किया गया है। दशम तरंग में वातरक्त का वर्णन है, जिसमें कहा गया है अमृतभल्लातकका सेवन करें और अलसी को या एरण्डबीज गिरी को दूध में पीस कर लेप करें। इसके अतिरिक्त शूलरोग वर्णित है, जिसमें अन्य प्रसिद्ध योगों साथ सौवर्चलादिगुटिका का भी उल्लेख है। इसमें संचरलूण (कालानमक) 10 ग्राम, अम्लवेत 20 ग्राम, जीरा 40 ग्राम और काली मिर्च 80 ग्राम निर्दिष्ट हैं। इन्हें बिजौरा नींबू के रस में घोटकर गोली बनाकर (250 मि.ग्रा.की) गरम जल से सेवन करें। ग्यारहवें तरंग में उदावर्त, गुल्म, हृदय रोग आदि का विस्तार से वर्णन है। सर्वत्र यह निर्देशित है कि यह योग कहॉ से लिया गया है जैसे-ओ चक्र दत्त में लिख्यों हैं, ओ भावप्रकाश में लिख्यों है आदि। बारहवें तरंग में मूत्रकृच्छ्र, मूत्राघात, अश्मरी और प्रमेह का तथा तेरहवें में मेदोरोग, कार्श्यरोग (श्रीपणा को रोग), उदररोग का तत्पश्चात् चौदहवें तरंग में शोथ रोग, गलगण्ड, कंठमाला और इसके

बाद पन्द्रहवे में श्लीपद, व्रणशोथ, विदग्रि, भग्नआदि की निदान चिकित्सा विस्तार से लिखी है।

तरंग सोलह में भगन्दर, उपदंशआदि का, सतरह में शीतपित्त, अम्लपित्त, स्नायुक्त, फिरंग, मसूरिका, सीतला (बृहन्मसूरिका), बोदरी (रोमान्तिका) का वर्णन किया गया है। शीतला के प्रसंग में अन्य ग्रन्थों के अतिरिक्त स्कन्दपुराण में वर्णित शीतलाष्टक का भी उल्लेख किया गया है। इसी प्रकार तरंग अठारह में क्षुद्ररोग, शिरोरोग, नेत्ररोग, नासारोग और मुखरोगों का वर्णन है। तरंग 19 में विषरोग का और 20 में स्त्री रोगों का तथा 21 में बालरोगों का वर्णन है।

तरंग 22 में वाजीकरण का प्रकरण है, जिसमें आम्रपाक वानरीगुटिकाआदि का वर्णन है। तरंग 23 में रसायनप्रकरण के अन्तर्गत चन्द्रोदय, वसन्तमालती आदि का प्रतिपादन हुआ है। इसमें मूशलीपाक, दशमूलासव के अतिरिक्त शिलाजीत के प्रयोग भी लिखे गये हैं। शेष तरंग 24 में पूर्वकर्म , पंचकर्म का तथा अन्तिम तरंग 25 में दिनचर्या, रात्रिचर्या का सविस्तार वर्णन किया गया है। महाराजा सवाई प्रतापसिंह की आज्ञा से पं. श्रीधर शिवलाल ने इस ग्रन्थ में स्थान स्थान पर अपनी टिप्पणी भी लिखी है। यथा हि- 'रास्ना नाम औषधी जीनैं रामसेण बी कहै छै या औषधी वातव्याधि दूर करै छै और गर्भ नै पोषण करै छैं'।

इस ग्रन्थ में ओषधियों की मात्रा के लिये टंक तौल का प्रयोग किया गया है, एक टंक = तीन ग्राम समझना चाहिए। इस ग्रन्थ के प्रेरक लेखक का निधन 1 अगस्त 1803 में हुआ अतः यह ग्रन्थ सन् 1778 से 1803 के मध्य ही लिखा गया है।

सामान्य जन जो संस्कृत में लिखे गये विस्तृत ग्रन्थों का अध्ययन करने में असमर्थ हैं और वे आयुर्वेद का ज्ञान प्राप्त करना चाहते हैं, उनके लिये स्थानीय लोक भाषा में यह ग्रन्थ लिखा या लिखवाया गया था। आज इसकी समयानुकूल समीक्षा की आवश्यकता है, जिससे यह ग्रन्थ तुलसी के रामचरितमानस की भांति घर घर में पहुँच कर आयुर्वेदीय ओषधियों की जन जन को जानकारी करा सके और उन्हें लाभ पहुँचा सके।

**सन्दर्भ-**

1. जयपुर वैभवम् (जयनगरवर्णनम्, पद्य 6)
2. ब्रजनिधिपदसंग्रह
3. अमृतसागर-भूमिका
4. आयुर्वेदज्योति
5. अमृतसागर - प्रथमतरंग
6. अमृतसागर - तृतीयतरंग
7. अमृतासागर-पुष्पिका

# मोक्ष मार्ग का सोपान : तप

**डॉ. सरोच कोचर**
अध्यक्षा
राजस्थान संस्कृत अकादमी, जयपुर

जैन आचार शास्त्रों में तपश्चर्या को मोक्ष के लिए आवश्यक एवं अनिवार्य बताया गया है। उत्तराध्ययन- सूत्र में एक स्थान पर कहा गया है, कि आत्मा ज्ञान से जीव आदि भावों को जानता है दर्शन से उसका श्रद्धान करता है चरित्र से कर्म आस्त्रवों को रोकता है और तप से विशुद्ध होता है। तपश्चर्या वस्तुतः जैन जीवनपद्धति है। तप से पूर्व संचित कर्मों की निर्जरा होती हैं। तपस्या इच्छा, कामना, विषय ,कषाय को तपाने के लिए है। इच्छानिरोधस्तपः इच्छाओं वासनाओं का निरोध करना तप है। इच्छानिरोध से शरीर के ममत्व भाव में कमी होती है और जब ममता या आसक्ति घटने लगती है तब वह तप है, अन्यथा वह ताप है। मूल रूप से कर्मों के क्षय का भाव इसमें प्रधान होता है। कर्मों का क्षय करने के लिए मनुष्य योनि सर्वश्रेष्ठ है।

इंग्लैंड की महारानी एलिजाबेथ का कुत्ता रानी के कोमल करों से सहलाया जाता है, ए.सी की कार में घूमता है, डनलप के गद्दे पर बैठता है, कूदता है, चांदी के प्याले में रानी के कर कमलों से दुग्ध - पान करता है और इधर एक व्यक्ति तपपाती- कड़कड़ाती धूप के अंदर पत्थरों को तोड़ता है, पसीने से लथपथ होता है, खाना तो दूर पानी तक उसको मुश्किल से मिलता है, और दुत्कार पाता हुआ रोटी खाता है,गर्म पत्थर की शिला पर ही शयन करता है ।जब उसे कहा जाता है कि तुम इतने कष्ट उठा रहे हो तुम क्यों ना महारानी का कुत्ता बन जाते हो जिससे उनके घर में आराम से रह सकोगे। वह कहता है कि मैंने बहुत मुश्किल से न जाने कितने भवों में शुभ कर्म करने के बाद मनुष्य जीवन को प्राप्त किया है। मुझे इसी जीवन में समता भाव से सब कुछ सहन करते हुए अपने कर्मों का क्षय करना है और अशुभ से शुभ में प्रवेश करना है।

मानवजीवन मिलना बहुत मुश्किल है । मैं चाहता हूं मेरे पर जो भी संकट आए मुझे शांति से सहन करने की शक्ति मिले, क्योंकि यह संकट भी मेरे ही कर्मों के कारण हैं। अच्छे कर्मों का फल अच्छा है , बुरे कर्मों का फल बुरा होता है।मेरी साधना में मानसिक निर्मलता ही मेरी कर्म-निर्जरा का मुख्य कारण बने। कर्म की गति न्यारी है।प्रत्येक कार्य को विवेक एवं सही समझ के साथ अनासक्ति भाव से शास्त्रोक्त विधि के अनुसार करें तो वह हमारा शुभ कर्म की ओर अग्रसर होना है।

इसे हम एक दृष्टांत से इस प्रकार समझेंगे। एक साधु महाराज के पास एक व्यक्ति जाता है और कहता है, कि मैं अपने जीवन को सफल बनाने के लिए आपसे संयम-जीवन अंगीकार करना चाहता हूं। मुझे दीक्षा दे दीजिए। गुरु महाराज उसके आने से लेकर बैठ कर और अनुरोध करने की प्रक्रिया को देखते हैं। उसमें विनय के अभाव को देखते हैं, तब गुरु महाराज कहते हैं तुम जाओ क्षय करो। वह व्यक्ति जाता है 3 दिन का उपवास करके वापस आता है और कहता है, मैंने क्षय कर लिया। अब तो मुझे दीक्षा दे दो। गुरु महाराज उसको देख कर कहते हैं, जाओ और करके आओ। सात दिन के उपवास करके वह पुनः आता है।

महाराज कहते हैं बेटा क्षय करो तो वह  सीधे 15 दिन के उपवास करता है। अब उसकी हड्डियां पसलियां दिखना प्रारंभ हो जाती है। वह आकर कहता है, अब तो दीक्षा दे दो। गुरु महाराज ने वहीं से कहा भैया अभी और क्षय करो। वह पुनः जाता है एक माह के उपवास करके लौटकर आता है, कहता है  अब तो दे दो। तो  गुरु महाराज उन्हें कहते हैं कि क्षय करो क्षय करो। इतने में वह व्यक्ति आवेश में आता है। कहते हैं कि क्रोध आने पर विवेक का दीपक बुझ जाता है और आचरण अंधा हो जाता है। ऐसा ही घटा उस व्यक्ति के साथ, वह अपने गुरु के प्रति मान-मर्यादा को भूल गया और कहने लगा कि आप तो रोज भोजन करते हो और हमें क्या मारना चाहते हो कहते हो क्षय करो क्षय करो। तब गुरु महाराज कहते हैं ज्ञानी तुमनेअपना शरीर थका लिया, मैंने यह नहीं कहा था कि तुम शरीर का क्षय करो, दुबला करो। मैं तो यह कह रहा था विषय कषाय कम करो, जो तुमने अभी तक किया नहीं है।  देखो आवेश में आग बबूला होने से अभी तक तुम्हारे कान फड़फड़ा रहे हैं, नेत्र लाल हो गये है, हाथ पैर कांप रहे हैं। भैया ध्यान रखना शरीर को सुखाना मात्र साधना नहीं है। विषय कषायों को समाप्त करना, क्षय करना ही साधना है जिसके हृदय में काषायिक भाव होगा, विश्वास रखना तपस्या तो होगी पर वह तपेगा नहीं। ऐसी स्थिति में कर्मों का क्षय नहीं होगा।

क्रोध हमारे भव भ्रमण में वृद्धि करने वाले हैं। चण्डकौशिक पूर्व भव में मुनि थे।  केवल क्रोध के कारण वे तापस बने और  आर्त ध्यान के कारण मर कर चण्डकौशिक सर्प बने। तप से कर्मों को नष्ट करके  अनंत दर्शन ज्ञान चरित्र वीर्य को प्राप्त कर सकते थे, किंतु क्रोध से गति बदल गयी। यह क्रोध अहम भाव के कारण आया। तो हमें जीवन में अहम को दूर करना है। अहम दूर होगा तभी हम अर्हन् बन सकते हैं।

भूखे रहकर गाल पिचक जाए, हड्डियां दिखे, आंखें धस जाये,  शरीर कृश काय हो जाए, जरा सी बात होते ही चेहरे पर लालिमा दिखे, तो वह तप नहीं है कारण कि यह सब हमारे भीतर की कालिमा के कारण है।

कषायों को दूर करने के लिए हमें संपूर्ण द्रव्यों से दूर होना पड़ेगा। साधना एवं तप की चरम सीमा समता में है। इसके

लिए उपेक्षा ही साधना है और अपेक्षा विराधना है। जैसे-जैसे उपेक्षा करते जाएंगे , वस्तुओं से ममत्व हटाते जाएंगे वैसे वैसे साधना में प्रवेश करते जाएंगे। इसको हम इस दृष्टान्त से समझें कि एक सभा भवन में अनेक व्यक्तियों के साथ तीन तपस्वी बैठे थे। उनका सम्मान होना था, सम्मान की सामग्री 4 थी और जब तक सम्मान की सूचना नहीं मिली तब तक वे तपस्वी अपने ध्यान में लीन रहे। जैसे ही सम्मान के लिए यह घोषणा की गयी कि हमारे पास सम्मान की सामग्री चार है तपस्वी तीन हैं। तीनों को - एक देने पर एक बचेगा यह किसको दिया जाए। जब तक घोषणा नहीं हुई थी तब तक यही सम्मान की सामग्री किसी के अंदर नहीं थी, जैसे ही घोषणा हो गयी कि एक एक सम्मान मिलने वाला है और सम्मान की चार वस्तुएं हैं तो उन्हें कष्ट की अनुभूति हुई , पीड़ा प्रारंभ हुई और जो सम्मान मिल रहा था, उसकी खुशी समाप्त हुई। अतिरिक्त सामग्री के लिए सोचने लगे कि यह किसको मिलेगा? यह मुझे, मिले मुझे, यहां पर जो उनकी अपेक्षा हुई मुझे मिले यह विराधना हो गई। यदि उपेक्षा भाव होता तो वह साधना होती। इसके लिए हमें संयम की ओर अग्रसर होना है और यह उपेक्षा ही तप की ओर ले जा सकेगी। पर द्रव्य से निज को भिन्न करते जाइए इसी का नाम तप है।

भगवान महावीर ने अपने जीवन में दीर्घ तपश्चर्या की। उनकी साधना के दो अंग थे - ***उपवास और ध्यान ।*** भगवान् ध्यान में इतने लीन थे, कि उन्होंने यह सिद्ध किया की आत्मा का सान्निध्य प्राप्त होने पर स्थूल शरीर की अपेक्षाएं बहुत कम हो जाती हैं। इसको एक ज्ञानी ने अपने पास आए हुए जिज्ञासु को इस प्रकार समझाया।

**जिज्ञासु -** मैंने जो यह सुना कि भगवान महावीर ने छह माह तक तपस्या- उपवास किये। क्या यह सच है? क्या मैं यह समझूँ कि भगवान को भूख लगनी बंद हो गई।वे बीमार थे।

**ज्ञानी -** तुम्हारा यह सोचना पूर्णतया गलत है।वे बीमार नहीं थे, उन्हें भूख लगनी बंद नहीं हुई।

**जिज्ञासु -**तो क्या मैं यह समझूं भगवान भूख को सहन करते गए।

**ज्ञानी -** यह भी सही समझ नहीं है।

**जिज्ञासु -** तो सही समझ क्या है?

**ज्ञानी -**भगवान आत्मध्यान में इतने लीन हो गए थे कि उनकी भूख-प्यास की अनुभूति क्षीण होती गयी। उनकी समत्व साधना सुदृढ़ होती गयी। उन्होंने शरीर के प्रति विषयों की उपेक्षा की। परिणामस्वरूप उनका उत्कर्ष होता गया और यही मोक्षमार्ग है। कहने का तात्पर्य यह है कि हम जैसे जैसे उपेक्षा करते जाएंगे, वस्तुओं से ममत्व हटाते जाएंगे वैसे-वैसे साधना में प्रवेश करते जाएंगे।

कहा गया है कि **कर्मक्षयार्थं तप्यते,इति तपः।** जो कर्मक्षय के लिए तपा जाता है उसका नाम तप है। तप के अर्थ से लोग भलीभांति परिचित नहीं है वे समझते हैं उपवास कर लिया तप हो गया। उनके मतानुसार तप अनेक प्रकार के हैं यथा - भोग तप, राज तप, योग तप। गांधी सर्कल या किसी अन्य स्थान पर लोग बैठते हैं उपवास करते हैं अनशन करते हैं तो वह अनशन उनकी आकांक्षा से युक्त है , किसी उद्देश्य के लिए किया गया हैअतः यह भोग तप है। यदि तप किसी पद की प्राप्ति के लिए किया गया हो तो वह राजतप है,पर अपने आत्मकल्याण के लिए,आत्मोपलब्धि सिद्धि का साधन बिना किसी प्रसिद्धि के किया गया तप योग तप होता है।

तप से कर्मों की निर्जरा होती है। जैन जीवनशैली में निर्जरा का महत्वपूर्ण स्थान है। इच्छानिरोधस्तपः। इच्छाओं को रोकना तप है।अन्तरंग कषाय- शक्ति घटने से विशुद्धता होने पर निर्जरा होती है। निर्जरा आत्मशुद्धि के लिए तो है ही लेकिन कर्मों के बंधन का क्षय करने में उसका महत्वपूर्ण स्थान है। तत्वार्थसूत्र में कहा भी गया है कि **तपसा निर्जरा च**। निर्जरा के अंतर्गत बाह्य तप एवं आभयन्तर तप आते हैं।

**बाह्य तप शरीर से होता है और आभ्यंतर तप मन से होता है। आभ्यंतर तप भावप्रधान होता है। बाह्य एवं आभ्यंतर तप दोनों छः-छः प्रकार के होते हैं। बाह्य तप में अनशन ,ऊनोदरी, भिक्षाचरी, रस परित्याग,कायक्लेश, प्रतिसंलीनता है ।आभ्यंतर तप के अन्तर्गत प्रायश्चित, विनय, वैयावृत्य, स्वाध्याय, ध्यान और व्युत्सर्ग है।**

**अनशन -** आहार का त्याग करना। आहार की इच्छा का त्याग अर्थात प्राणों के मोह को छोड़ना ,मृत्यु के भय को जीतना है। इससे मानसिक विकारों को दूर करने में सहायता मिलती है। अनशन तप को उपवास भी कहते हैं । उपवास अर्थात आत्मा के समीप रहना। आत्मा के आनंदमय एवं ज्ञानमय स्वभाव की अनुभूति वही कर सकता है, जो राग- द्वेष आदि विकारों से दूर रह कर समभाव में रमण करता है।इससे पाचन तंत्र की शुद्धि के साथ शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक सुख की प्राप्ति होती है।

**ऊनोदरी-** भूख से कम खाना। इससे खाद्य संयम की साधना को शक्ति मिलती है। अनावश्यक अन्नादि संचय करने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगता है। अधिक खाने से मस्तिष्क पर रक्त का दबाव बढ़ जाता है। इससे स्फूर्ति का कम होना, नींद का अधिक आना, प्रमाद का अधिक होना,वायु विकार आदि हो जाते हैं। यह तप मानसिक, सामाजिक, आध्यात्मिक तथा शारीरिक स्वास्थ्य के लिए उपयोगी है।

**भिक्षाचरी-** इसका सम्बन्ध निर्दोष आहार ग्रहण करने की विधि से है। साधक को निर्दोष आहार, जलादि वस्तुएं उपलब्ध हों ऐसी व्यवस्था रखना। शुभ भावना से जीवन में पवित्रता आती है और आत्मिक विकास के साथ मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है।

**रस परित्याग -** इसमें स्वाद वृत्ति पर विजय प्राप्त करते हुए स्वादिष्ट खाद्य वस्तुओं का त्याग करना चाहिए। नीरस भोज्य पदार्थों का सेवन करना रस परित्याग है। यह जैन जीवनशैली का महत्वपूर्ण घटक है।रस परित्याग साधु-संतों, गृहस्थों आम जनादि सभी के लिए आवश्यक है। भोजन में रसपरित्याग कोलेस्ट्रॉल, मोटापा, उच्च रक्तचाप, हृदयरोग आदि से बचा जा सकता है । वर्तमान काल में बढ़ते मांसाहार और होटलों में खाने की प्रवृत्ति स्वादलोलुपता का ही परिणाम है। तन- मन को स्वस्थ रखने के लिए सात्विक भोजन की ओर प्रवृत्त होना ही इस तप का लक्ष्य है।

**कायक्लेश -** इस तप का प्रयोजन शरीर को कष्ट देना नहीं है अपितु सर्दी -गर्मी, वर्षा, धूपादि सहन करते हुए स्थिर आसन से रहना, काया को सक्रिय रखना, अनुशासित और संयम में रहना है। यह तप व्यक्ति को सहिष्णु एवं सहनशील बनाता है। इससे मानसिक रोगों पर विजय के साथ आत्मभाव का पोषण होता है।

**प्रतिसंलीनता -** एकांत स्थान पर रहना, क्रोध आदि से दूर रहते हुए असत् प्रवृत्तियों से इंद्रियों को दूर करते हुए सद्वृत्तियों में लीन करना है। राग-द्वेष में वृद्धि करने वाले शब्दों को नहीं सुनना, विकार उत्पन्न करने वाले दृश्यों को नहीं देखना, सुगन्ध- दुर्गंध आदि पर विजय प्राप्त करना, रसेंद्रिय पर विजय प्राप्त करना, स्पर्श में सुखानुभूति एवं दुःखानुभूति से ऊपर उठना, क्रोध को क्षमा भाव से, अहम् को विनय से, माया को सरलता से और लोभ को संतोष से दूर करना प्रतिसंलीनता तप है। इसमें काम- क्रोध- लोभ आदि पर अंकुश लगने से जीवन को आनंदमय बनाया जा सकता है और व्यक्तिगत एवं सामाजिक जीवन में शांति, संतोष एवं आत्मिक सुख प्राप्त होता है। मानसिक तनाव से मुक्ति मिलती है।

# राष्ट्रोपनिषत्

रचयिता

**आचार्य डॉ. नारायणशास्त्री काङ्कर विद्यालङ्कार**

(महामहिम–राष्ट्रपति–सम्मानित)

हिन्दी-रूपान्तरण-कर्त्री

**सौ. श्रीमती इन्दु शर्मा**

एम.ए., शिक्षाचार्या

अंग्रेजी-रूपान्तरण-कर्त्ता

**महामण्डलेश्वरः स्वामी श्री ज्ञानेश्वरपुरी**

विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थानम्, जयपुरम्

**अनुशासनमेवैकं, सर्वसौख्यप्रदायकं ।**
**तस्मिँस्तु विकृते नूनं, दुःखमेव प्रजायते ॥१५॥**

एकमात्र अनुशासन ही सब सुखों को देने वाला हुआ करता है। परन्तु उस अनुशासन के बिगड़ जाने पर निश्चित रूप से दुःख ही उत्पन्न होता है।

Only discipline can bring all kinds of happiness. But if the discipline deteriorates, then sorrow will surely follow.

**अनुशासनमेवैकं , ऐक्य – सूत्रे निबद्धकम् ।**
**सैनिकास्तद् विना किं स्युर्, एकीभूताः कदाचन ?॥१६॥**

एक मात्र अनुशासन ही एकता सूत्र में बाँध कर रखने वाला है । क्या कभी सैनिक अनुशासन के बिना एक होकर रह सकते है ?

Only discipline can bring unity. Can the soldiers ever act as one without the discipline?

**अनुशिष्टः स्वयं नास्ति, तथाऽन्यं यो दिदृक्षते ।**
**दिने गणयितुं तारा, उद्यमं स करोति हि ॥१७॥**

जो स्वयं तो अनुशासन में रहने वाला है नहीं और दूसरे को उस तरह के अनुशासन में देखना चाहता है, वह तो दिन में तारे गिनने का उद्यम करता है ।

The one who is not disciplined but wants others to be disciplined is like the person who is counting the stars in the day time.

**अन्तः-शुद्धिं विना किं न, बाह्य-शुद्धिर् निरर्थिका ?।**
**शुभ्रं किं सविषं दुग्धं, नास्ति प्राणहरं क्वचित् ?॥१८॥**

बिना भीतरी शुद्धि के क्या बाहरी शुद्धि निरर्थक नहीं होती ? क्या बाहर से शुभ्र दीखने वाला भीतर विष से भरा हुआ दूध कहीं प्राण हरने वाला नहीं होता ?

Isn't the outside cleanness senseless without the inner one? Will not the poisoned milk take a life even if it looks pure from outside?

**अन्धं नयति चेदन्धस्, तत्कल्याणं कदापि न ।**
**स्वेन सार्धं तमन्धं स, पातयत्येव निश्चितम् ॥१९॥**

यदि अन्धा अन्धे को ले चलता है, तो उसका कल्याण कभी नहीं है। वह अपने साथ उस अन्धे को भी निश्चित रूप से गिरा देता है ।

The blind one will not prosper if led by a blind person. He will surely perish with the other blind person (They will surely perish together).

**अन्धानुकृति – मात्रेण, स्वीया हानिः पदे पदे ।**
**अतस्तदेव कर्तव्यं, यतो राष्ट्र-हितं भवेत् ॥२०॥**

दूसरों का अन्धानुकरण करने से अपनी ही कदम कदम पर हानि होती है । अतः वह ही करना चाहिये, जिससे राष्ट्र का हित हो ।

One faces harm on every step by blindly following others. Therefore, only that should be done what if beneficial for the country.

**अन्नपूर्णां तिरस्कृत्य, यस्तां पीडयते जनः ।**
**नष्टस्तस्य तु लोकोऽयं, पर-लोकोऽपि नश्यति ॥२१॥**

जो अन्नपूर्णा पत्नी का तिरस्कार करके उसको पीड़ित करता है, उसका यह लोक तो नष्ट हो चुका है, साथ ही परलोक भी नष्ट हो जाता है ।

The one who creates a problem for the Annapurna (wife) by mocking her, destroys not only this but also the other world.

ISSN : 2582-6360

# विविध साहित्यिक गतिविधियाँ

















प्रकाशक : विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान - कीर्ति नगर, श्याम नगर, सोढाला, जयपुर

**Website :** vgda.in **Youtube :** www.youtube.com/c/vishwagurudeepashram **E-mail :** jaipur@yogaindailylife.org